लोक सभा अध्यक्ष मंगोलिया में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे

...

श्री बिरला मंगोलिया यात्रा के दौरान मंगोलिया के राष्ट्रपति से भेंट करेंगे

...

लोक सभा अध्यक्ष मंगोलिया के प्रधान मंत्री से भी मुलाकात करेंगे

...

श्री बिरला मंगोलिया यात्रा के दौरान मंगोलिया की संसद के अध्यक्ष के साथ बातचीत करेंगे

...

यात्रा के दौरान लोक सभा अध्यक्ष कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे

...

भारत और मंगोलिया की संसदों के महासचिव दोनों संसदों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे

...

लोक सभा अध्यक्ष मंगोलिया में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे

...

***नई दिल्ली; 4 जुलाई, 2023*:** माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला मंगोलिया के स्टेट ग्रेट खुराल (संसद) के अध्यक्ष के निमंत्रण पर 6 से 8 जुलाई 2023 तक मंगोलिया की यात्रा पर जा रहे भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल का नेतृत्व करेंगे।

भारतीय संसदीय शिष्टमंडल 7 साल के अंतराल के बाद मंगोलिया का दौरा कर रहा है। दिसंबर 2021 में मंगोलिया के संसदीय शिष्टमंडल की भारत यात्रा के बाद अब भारतीय संसदीय शिष्टमंडल मंगोलिया जा रहा है।

इस शिष्टमंडल में माननीय संसद सदस्य, श्री राजेश वर्मा, श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह, श्री नारायण दास गुप्ता, श्री रेबती त्रिपुरा और श्री पबित्रा मार्गेरिटा के साथ लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह शामिल हैं। इस यात्रा से भारत और मंगोलिया के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान बनाए रखने के साथ ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत होगी।

इस यात्रा के दौरान, स्टेट ग्रेट खुराल के अध्यक्ष महामहिम श्री जेंडनशटार गोम्बोजाव उलान बटार के सुखबटार स्क्वेयर में माननीय लोक सभा अध्यक्ष का औपचारिक रूप से स्वागत करेंगे। शिष्टमंडल के सदस्य मंगोलिया के राष्ट्रपति, महामहिम श्री उखनागीन खुरेलसुख से मुलाकात करेंगे और मेजबान संसद के अध्यक्ष, महामहिम श्री जेंडनशटार गोम्बोजाव के साथ द्विपक्षीय संसदीय वार्ता करेंगे।

मंगोलिया के प्रधान मंत्री, श्री ओयुन-एर्डेन लवसन्नामसराय भी माननीय लोक सभा अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे। भारतीय संसदीय शिष्टमंडल जिस समय मंगोलिया यात्रा पर होगा, उसी समय मंगोलियाई नव वर्ष के अवसर पर नादाम उत्सव आयोजित किया जा रहा है, इसलिए मंगोलिया की संसद के अध्यक्ष महामहिम श्री जेंडनशटार गोम्बोजाव ने माननीय लोक सभा अध्यक्ष और शिष्टमंडल के सदस्यों को मिनी नादाम समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया है।

शिष्टमंडल सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों के साथ ही ऑइल रिफाइनरी परियोजना के मुख्यालय का भी दौरा करेगा जिसे भारतीय एक्ज़िम बैंक ने 1.23 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आसान ऋण से वित्त पोषित किया है। यह ऑइल रिफाइनरी परियोजना मंगोलिया में भारत की सबसे बड़ी परियोजना है और मंगोलिया की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

माननीय लोक सभा अध्यक्ष,मंगोलिया स्थित बौद्ध सर्वोच्च पीठ, गंदन मठ के प्रमुख, खंबा नोमुन खान श्री चोइजमत्स डेम्बरेल को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। वर्ष 2022 के दौरान बौद्ध अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए ICCR द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। शिष्टमंडल पेथुब मठ के दौरा करेगा जहां माननीय अध्यक्ष और शिष्टमंडल के सदस्य महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। शिष्टमंडल 06 जुलाई को मंगोलिया में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेगा।